आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 11.03.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज केरलम और तमिलनाडु में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।
2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए 'वर्ल्ड ऑफ वर्क' पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।
3. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत द्वीपों के युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।
4. जहाज 'नालंदा' 13 और 27 मार्च को बैरन द्वीप के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज केरलम और तमिलनाडु के दौरे पर रहेंगे। वे आज दोपहर केरलम के एर्नाकुलम में लगभग 10 हजार आठ सौ करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री एक सभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में लगभग पांच हजार छह सौ पचास करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इनमें पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस अवसंरचना, ग्रामीण संपर्क और राजमार्ग विकास सहित प्रमुख परियोजनाएं शामिल हैं। श्री मोदी पांच नई रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाएंगे।

<><><><><><><>

प्रसार भारती का ऑडियो–विजुअल प्रसारण और प्रसार मंच–पीबी–शब्द अगले वर्ष मार्च तक लोगो रहित समाचार सामग्री प्रतिदिन निःशुल्क उपलब्ध कराता रहेगा।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बताया कि पीबी–शब्द अपने 1500 से अधिक संवाददाताओं और 60 समर्पित संपादन डेस्क के चौबीसों घंटे कार्यरत नेटवर्क के माध्यम से विभिन्न प्रारूपों में प्रतिदिन एक हजार खबरें प्रसारित करता है। यह लाइव फीड सुविधा भी प्रदान करता है, जिसमें राष्ट्रीय महत्व की घटनाएं, अलंकरण समारोह और विभिन्न प्रेस ब्रीफिंग सहित लाइव कार्यक्रमों का विशेष कवरेज शामिल रहता है। मंत्रालय ने कहा है कि पीबी–शब्द के माध्यम से उपलब्ध कराई गई सामग्री लोगो रहित है और इसका उपयोग करते समय पीबी–शब्द का उल्लेख करना जरूरी नहीं है।

<><><><><><><>

पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, प्रातरुपर में 'वर्ल्ड ऑफ वर्क' पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्घाटन एनसीईआरटी के परख की प्रमुख और सीईओ प्रो. इंद्राणी भादुड़ी ने किया। यह कार्यशाला राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र (परख), एनसीईआरटी, नई दिल्ली और राज्य शिक्षा संस्थान, श्री विजयपुरम के बीच एक सहयोगात्मक पहल है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में एक कदम है, जिसका मुख्य केंद्र कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्रों के बीच कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर प्रो. इंद्राणी भादुड़ी ने माध्यमिक स्तर पर छात्रों को काम की दुनिया से परिचित कराने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि करियर के प्रति जागरूकता और कौशल–उन्मुख प्रदर्शन छात्रों को उनकी प्रतिभा और भविष्य की उभरती जरूरतों के अनुसार सही चुनाव करने में सक्षम बनाएगा। इस दौरान छात्रों को कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा चिन्हित 36 उभरते

हुए नौकरी क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा पारंपरिक और गैर–पारंपरिक दोनों तरह के करियर विकल्पों पर मार्गदर्शन दिया गया।

<><><><><><>

द्वीपसमूह में मादक पदार्थों की तस्करी और नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान चलाते हुए, एंटी–नारकोटिक्स पुलिस ने डॉग स्क्वायड टीम के साथ मिलकर कुल 12.390 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पहले अभियान के दौरान पुलिस निरीक्षक विकास सिंह के नेतृत्व में 29 वर्षीय पश्चिम बंगाल निवासी उज्ज्वल खान के बैग से 9.230 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जबकि दूसरे अभियान में एसआई मनोज लाल और उनकी टीम ने 28 वर्षीय शेख भानू के बैग से 3.160 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। यह पूरा ऑपरेशन सहायक पुलिस निरीक्षक नारिकोटिक्स योगिता शर्मा और पुलिस उप महानिरीक्षक जितेंद्र कुमार मीणा के निगरानी में चलाया गया।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत श्रम, रोजगार और प्रशिक्षण निदेशालय द्वीपों के युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के इस पहल का लक्ष्य 2026 तक 4 करोड़ लोगों को आधुनिक कौशल में प्रशिक्षित करना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय युवाओं को उद्योग–आधारित कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना है, ताकि वे रोजगार के योग्य बन सकें और अपनी आजीविका कमा सकें। विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण आईटीआई, डॉलीगंज, बकुलतला, अरोंग के अलावा डीब्रेट, जेएनआरएम, TVET और सॉवटेक में पाठ्यक्रम की भूमिका के आधार पर 360 घंटे से 600 घंटे

तक दिया जाएगा। न्यूनतम 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक उम्मीदवार कल सुबह 9 बजे से शाम साढ़े चार बजे के बीच संबंधित आईटीआई या कॉलेजों में SIDH पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने मार्च माह के लिए बैरन द्वीप के लिए विशेष राउंड क्रूज यात्राओं की घोषणा कर दी है। जहाज 'नालंदा' निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 13 मार्च तथा 27 मार्च को रात 9 बजे रवाना होगा। यात्री जहाजरानी सेवा निदेशालय के ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से टिकट बुक करा सकते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए क्यू आर कोड भी उपलब्ध कराया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य आयुष सोसाइटी के तहत अनुबंध के आधार पर डेटा एंट्री ऑपरेटर और अकाउंटेंट के पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इस सिलसिले में साक्षात्कार के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची आयुष उप निदेशक कार्यालय के सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है। साक्षात्कार सचिवालय के लघु सम्मेलन कक्ष में 16 मार्च को सुबह 9 बजे से लिया जाएगा। उम्मीदवारों को अपने प्रमाणपत्रों और मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान लोक निर्माण विभाग की ओर से पानी से संबंधित किसी भी शिकायत या पाइपलाइन में लीकेज की जानकारी देने के लिए द्वीपों में तीनों जिलों में संपर्क नम्बरों की सूची जारी की गई है। विभाग ने कहा है कि लोग मुख्य अभियंता के ई–मेल pgoapwd45@gmail.com पर भी संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा

जल आपूर्ति शिकायत प्रबंधन watercomplain.apwd@gmail.com पर भी दे सकते हैं।

<><><><><><><>

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किय जाएगा। यह लोक अदालत श्री विजयपुरम के जिला न्यायालय परिसर, मायाबंदर के उप–मंडल न्यायालय परिसर, डिगलीपुर तथा कैंपबेल बे के सर्किट न्यायालय में एक साथ आयोजित होगा। लोक अदालत में धन वसूली, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल संबंधी प्रकरण, भरण–पोषण वाद तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरणों को शामिल किया जाएगा।

<><><><><><><>

श्री शारदा संघ 13 मार्च को रामकृष्ण मिशन परिसर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा। संघ ने लोगों से रक्तदान शिविर में भाग लेने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के स्वतंत्रता सेनानियों के पहले दल के अंडमान द्वीप समूह में आगमन की स्मृति में कल चाथम मेमोरियल में आयुक्त–सह–सचिव चंचल यादव ने पुष्पचक्र अर्पित कर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लोकल बोर्न एसोसिएशन के सदस्यों और आम जनता ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से द्वीप समूह में नाइट सी कायाकिंग के संचालन को विनियमित करने के लिए मसौदा दिशा–निर्देश तैयार किए गए हैं। मसौदे से संबंधित टिप्पणियाँ, सुझाव, और इनपुट निर्धारित प्रारूप में भरकर कल तक निदेशालय में जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>